
**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR FEBRUARY & MARCH MONTH**

## चित्र वर्णन

## हमारा राष्ट्रीय ध्वज



1 यह हमारा राष्ट्रीय ध्वज है।

2 इसमें तीन रंग होते हैं ।

3 केसरिया रंग बलिदान का संदेश देता है ।

4 सफ़ेद रंग शांति का संदेश देता है।

5 हरा रंग देश की हरियाली को बताता है ।

6 तिरंगे के बीच में नीले रंग का अशोक चक्र भी है ।

7 अशोक चक्र में 24 तीलियाँ दिन के 24 घंटों को दर्शाती है ।

8 हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए ।


## कहानी लेखन

चित्र देखकर उसका नाम लिखते हुए कहानी पूरी कीजिए ।

एक  लड़की थी । वह अपनी  माँ के साथ 


एक बगीचे में गई । वहाँ उसने सुंदर - सुंदर  फूलों को देखा । फूलों पर

रंग -बिरंगी  तितलियाँ बैठी थी । उसकी माँ ने बताया कि हमें  फूलों



को नहीं तोड़ना चाहिए ।  फूल तोड़ने से मुरझा जाते हैं ।



# कहानी लेखन


**चित्र देखकर उसका नाम लिखते हुए कहानी पूरी कीजिए ।**

एक  लड़का था । उसका नाम  कमल था । उसे 

किताब पढने का बहुत शौक था । वह एक  उपवन में गया । वहाँ

 पेड़ पर  पक्षी बैठे थे ।  सूरज तेज चमक रहा

था । वहाँ वह एक  पेड़ के नीचे बैठकर  किताब पढने

लगा । उसके पास  थैला था । तभी एक  लड़की आई और उसका

 थैला लेकर भाग गई ।

## क्रियात्मक कार्य

दिए गए चित्र के बारे में छह वाक्य लिखिए ।



1 यह एक उपवन का दृश्य  है।

2 बच्चे बहुत खुश हैं ।

3 लड़की झूला झूल रही है ।

4 तितली बगीचे में उड़ रही है।

5 मेंढक घास पर बैठा है ।

6 कुत्ता बच्चों के पास खड़ा है ।

7 यह बहुत सुंदर दृश्य है ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR DECEMBER & JANUARY MONTH**

## वचन

शब्दों के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं ।

शब्दों के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो उसे एकवचन और अनेक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं ।

I - नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदल कर लिखिए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| थैला | थैले |
| टोपी | टोपियाँ |
| पुस्तक | पुस्तकें |
| बेटा | बेटे |
| मछली | मछलियाँ |
| संतरा | संतरे |
| रात | रातें |
| माता | माताएँ |
| कुत्ता | कुत्ते |
| बच्चा | बच्चे |

## II - रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर लिखिए।

1 चूहा दौड़ रहा है।

चूहे दौड़ रहे हैं ।

2 मदन गुब्बारा लाया।

मदन गुब्बारे लाया।

3 मेरे पास एक किताब है ।

मेरे पास बहुत सारी किताबें हैं ।

4 तितली उड़ गई ।

तितलियाँ उड़ गई ।

5 मेरे चाचा खिलौना लाए।

मेरे चाचा खिलौनें लाए ।

6 मेरे पास मिठाई है ।

मेरे पास मिठाइयाँ हैं ।

Practice work

## III - सही उत्तर पर ( √ ) लगाइए ।

| | | |
|---|---|---|
| कलमें | √ बहुवचन | एकवचन |
| बातें | √ बहुवचन | एकवचन |
| पुस्तक | बहुवचन | √ एकवचन |
| मालाएँ | √ बहुवचन | एकवचन |
| किताब | बहुवचन | √ एकवचन |

# दिन और महीने

## दिनों के नाम

➡ एक सप्ताह में सात दिन होते हैं ।

1 सोमवार 2 मंगलवार 3 बुधवार

4 गुरुवार / बृहस्पतिवार / वीरवार 5 शुक्रवार

6 शनिवार 7 रविवार / इतवार

## महीनों के नाम

एक साल / वर्ष में बारह महीने होते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी | 31 दिन |
| 2 | फरवरी | 28 / 29 दिन |
| 3 | मार्च | 31 दिन |
| 4 | अप्रैल | 30 दिन |
| 5 | मई | 31 दिन |
| 6 | जून | 30 दिन |
| 7 | जुलाई | 31 दिन |
| 8 | अगस्त | 31 दिन |
| 9 | सितंबर | 30 दिन |
| 10 | अक्टूबर | 31 दिन |
| 11 | नवंबर | 30 दिन |
| 12 | दिसंबर | 31 दिन |

## रिक्त स्थान भरिए ।

1 एक वर्ष में 365 दिन होते हैं ।

2 एक वर्ष में 12 महीने होते हैं ।

3 स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है।

4 बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है।

5 एक दिन में 24 घंटे होते हैं ।

6 एक सप्ताह में 7 दिन होते हैं ।


# गिनती ( १ - २० )

| अंक | हिंदी संख्या | शब्द |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छह / छः |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १० | दस |
| 11 | ११ | ग्यारह |
| 12 | १२ | बारह |
| 13 | १३ | तेरह |
| 14 | १४ | चौदह |
| 15 | १५ | पंद्रह |
| 16 | १६ | सोलह |
| 17 | १७ | सत्रह |
| 18 | १८ | अठारह / अट्ठारह |
| 19 | १९ | उन्नीस |
| 20 | २० | बीस |

# क्रियात्मक कार्य

## चित्र वर्णन

### हमारा राष्ट्रीय ध्वज



1 यह हमारा राष्ट्रीय ध्वज है।

2 इसमें तीन रंग  होते हैं ।

3 केसरिया रंग बलिदान का संदेश देता है ।

4 सफ़ेद रंग शांति का संदेश देता है।

5 हरा रंग देश की हरियाली को बताता है ।

6 तिरंगे के बीच में नीले रंग का अशोक चक्र भी है ।

7 अशोक चक्र में 24 तीलियाँ दिन के 24 घंटों को दर्शाती है ।

8 हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR OCTOBER & NOVEMBER MONTH**

# विलोम शब्द

जो शब्द किसी शब्द का विपरीत अर्थ बताए उसे विलोम शब्द कहते हैं।


जैसे -



ठंडा



गरम



खुश



उदास



रात



दिन

## नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

| | |
|---|---|
| नया | पुराना |
| छोटा | बड़ा |
| आगे | पीछे |
| ऊपर | नीचे |
| अंदर | बाहर |
| गरमी | सरदी |
| कम | ज्यादा |
| पास | दूर |
| मोटा | पतला |
| गंदा | साफ़ |
| खुशबू | बदबू |
| मीठा / मीठी | कड़वा / कड़वी |

## रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

1 नीरज सुबह पाठशाला में और शाम को घर में पढ़ता है ।

2 मैं गरमी में ठंडा पानी और सरदी में गरम पानी पीता हूँ ।

3 मुझे पक्का आम खाना पसंद है,कच्चा नहीं।

4 अच्छी बातें सीखने से लाभ होता है ,हानि नहीं।

5 हमें सदा सच बोलना चाहिए , झूठ नहीं ।

# विलोम शब्द लिखिए ।

Practice work

| | |
|---|---|
| गरम | ठंडा |
| सच | झुठ |
| आगे | पीछे |
| बाहर | अंदर |
| रात | दिन |

# क्रियात्मक कार्य

## मेरा पिय त्योहार - दीपावली



1 दीपावली दीपों का त्योहार है ।

2 यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है ।

3 इस दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या वापिस लौटे थे ।

4 इस दिन हम नए कपड़े पहनते हैं व पटाखे जलाते हैं ।

5 इस दिन हम लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं।

6 दीपावली मेरा पिय त्योहार है ।

# क्रिया

**AIL/SEA - क्रिया**

**सामग्री - चित्र।**


**विवरण - नीचे दी गई कहानी में क्रिया शब्द ढूंढकर लिखिए ।**




जिन शब्दों से किसी काम को करने या होने का पता चले उसे क्रिया कहते हैं ।



लिखना



नाचना



सोना



पीना

## I - दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द को रेखांकित कीजिए ।

1 रीना खेल रही है ।

2 रजत गाना गा रहा है ।

3 बच्चे पुस्तक पढ़ रहे हैं ।

4 नेहा पत्र लिख रही है ।

## II - - दिए गए वाक्यों म उचित क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए ।

| | |
|---|---|
| 1 सुमन तैर रही है । | ( तैर / खिल ) |
| 2 बादल गरज रहे हैं । | ( लटक / गरज ) |
| 3 खरगोश तेज़ दौड़ता है । | ( दौड़ता / पढ़ता ) |
| 4 मेरी चाची खाना खा रही है । | ( खा / बुन ) |
| 5 तितली फल पर बैठी है । | ( खा / बैठी ) |

Practice work

उचित क्रिया शब्द को रेखांकित कीजिए ।

1 मीना सो रही है ।

2 रजत नाच रहा है ।

3 बच्चे पुस्तक में लिख रहे हैं ।

4 नेहा दौड़ रही है ।

5 नानी ने कहानी सुनाई ।


**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR AUGUST & SEPTEMBER MONTH**

## गिनती ( १ - १० )

| अंक | हिंदी संख्या | शब्द |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छह / छः |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १ ० | दस |

चित्र बनाकर संख्या को शब्दों में लिखिए ।


तीन




पाँच


नौ


आठ

गिनती ( १ - १० )

# समानार्थी शब्द / पर्यायवाची शब्द



   

| माता | जल | सुबह | चाँद |
|---|---|---|---|
| माँ | पानी | सवेरा | चंदा |

## समानार्थी शब्द / पर्यायवाची शब्द

एक जैसे अर्थ बताने वाले शब्दों को **पर्यायवाची शब्द** कहते हैं । इन्हें **समानार्थी शब्द** भी कहते हैं।

जैसे -

| | |
|---|---|
|  | वृक्ष - पेड़ , तरु |
|  | बादल - मेघ , घन |
|  | सूरज - रवि, दिनकर |
|  | फूल - कुसुम , पुष्प |

## I - नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए -

| | |
|---|---|
| क ) बालक | बच्चा , लड़का |
| ख ) माता | माँ , अम्बा |
| ग ) घोड़ा | अश्व , हय |
| घ ) दोस्त | मित्र , सखा |
| ड़ ) अध्यापक | शिक्षक गुरु |
| च ) चाँद | चंदा , चंद्र |
| छ ) पानी | जल , नीर |
| ज ) जंगल | वन , कानन |

## II - नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए -

क ) मेरी **माता जी** बाजार गई हैं ।

मेरी माँ बाजार गई हैं ।

ख ) **वृक्ष** पर सेब लगे हैं ।

पेड़ पर सेब लगे हैं ।

ग ) **जंगल** में सभी जंगली जानवर रहते हैं ।

वन में सभी जंगली जानवर रहते हैं ।

घ ) बगीचे से **फूल** मत तोड़िए ।

बगीचे से पुष्प मत तोड़िए ।

ड़ ) राम मेरा **दोस्त** है ।

राम मेरा मित्र है ।

# Practice Work

**I - नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए -**

| | |
|---|---|
| क ) वर्षा | |
| ख ) माँ | |
| ग ) जल | |
| घ ) वन | |
| ङ ) अध्यापक | |

# क्रियात्मक कार्य

## मेरा विद्यालय




1. मेरे विद्यालय का नाम दिल्ली पब्लिक स्कूल गाँधीनगर है ।
2. यह गाँधीनगर में स्थित है ।
3. मेरे विद्यालय में कक्षा एक से बारह तक पढ़ाई होती है ।
4. मेरे विद्यालय की इमारत बड़ी व सुंदर है ।
5. मेरे विद्यालय में खेल का मैदान भी है ।
6. मुझे अपने विद्यालय पर गर्व है ।

# क्रियात्मक कार्य

## मेरा परिवार



1. मेरे परिवार में छह सदस्य हैं ।

2. मेरे साथ मेरे माता -पिता ,दादा -दादी और एक भाई / बहन भी रहते हैं ।

3. मेरे पिता जी नौकरी / व्यवसाय करते हैं ।

4. मेरी माँ हम सभी का ध्यान रखती हैं।

5. मेरे दादा -दादी हमें कहानियाँ सुनाते हैं ।

6. मैं अपने परिवार से बहुत प्यार करती हूँ ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR JUNE & JULY MONTH**

## क्रियात्मक कार्य

### मेरा परिचय



क ) मेरा नाम रमन / रीया  है ।

ख ) मैं एक लड़का / लड़की हूँ ।

ग ) मैं छः / सात वर्ष का / की हूँ ।

घ ) मैं कक्षा दो में पढ़ता / पढ़ती हूँ ।

ड़ ) मैं अहमदाबाद / गाँधीनगर में रहता / रहती हूँ ड़की।

च ) मुझे किताबें पढ़ने का बहुत शौक है ।

■ लड़का      ■ लड़की

# हिन्दी व्याकरण

## सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है ,उन्हें सर्वनाम कहते हैं ।

जैसे -



मैं



तुम




हम

I - नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए ।

1. वह कल दिल्ली गया ।
2. यह मेरा घर है ।
3. तुम अभी तक सो रहे हो ?
4. मैं कल गाँव गया ।
5. हम कल घूमने जाएँगें ।
6. माला ने सीमा को अपने भाई से मिलवाया ।
7. रीया ने उससे क्या कहा ?
8. रमन मेरे लिए सेब लाया ।

# संयुक्त व्यंजन

जो शब्द दो या दो से अधिक व्यंजनों के मिलने से बनते हैं उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं।




जैसे -







बच्चा

पत्ता

बिल्ली

I - संयुक्त व्यंजनों से दो -दो शब्द बनाइए -

| संयुक्त व्यंजन | शब्द | शब्द |
|---|---|---|
| न्न | पन्ना | गन्ना |
| त्त | पत्ता | छत्ता |
| च्च | बच्चा | कच्चा |
| त्थ | पत्थर | कत्था |
| क्य | क्यारी | वाक्य |
| प्य | प्यारा | प्याज |
| ल्ल | बल्ला | छल्ला |
| त्र | त्रिशूल | त्रिदेव |
| क्ष | क्षत्रिय | क्षमा |
| ज्ञ | ज्ञान | ज्ञानी |

II-संयुक्त व्यंजनों वाले शब्दों पर गोला लगाइए

हम नन्हे नन्हे हैं, बच्चे

दाँत अभी तक हैं कच्चे ,

बनना जो चाहो अच्छे बच्चे

ज्यादा न खाओ कभी रसगल्ले

III-संयुक्त व्यंजनों से दो -दो शब्द बनाइए । Practice Work

| संयुक्त व्यंजन | शब्द | शब्द |
|---|---|---|
| त्त | | |
| प्य | | |
| त्र | | |
| ज्ञ | | |
| क्क | | |

# विशेषण

संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

जैसे - बड़ा ,छोटा ,मोटा

विशेषण के कुछ उदाहरण -

| रंग बताने वाले | आकार बताने वाले | स्वाद बताने वाले | स्वभाव बताने वाले | संख्या बताने वाले |
|---|---|---|---|---|
| लाल | बड़ा | मीठा | बुरा | दो |
| पीला | छोटा | कड़वा | अच्छा | सात |
| नीला | मोटा | तीखा | सुंदर | चार |
| हरा | पतला | खट्टा | चालाक | आठ |
| काला | विशाल | नमकीन | मूर्ख | तीन |

I -दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए ।

1 आम मीठा है ।

2 गिलास में ठंडा पानी है।

3 यह फूल सुंदर है ।

4 चार पक्षी उड़ रहे हैं ।

5 लोमड़ी चालाक है ।

II - रिक्त स्थान में उचित विशेषण शब्द भरिए ।

1 चीनी मीठी है ।

2 अच्छे बच्चे शरारत नहीं करते ।

3 गुलाब का फूल सुंदर है ।

4 दो बंदर पेड़ पर बैठे हैं ।

5 नमन पतला लड़का है ।

Practice work

दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए ।

( लाल चार लंबे रंग -बिरंगी )

1 रीना के बाल ----------- हैं ।

2 उपवन में ------------------- फूल खिले हैं ।

3 राधा ने ---------------- चूड़ियाँ पहनी हैं ।


4 आसमान में --------------- पतंगें उड़ रही हैं।

# लिंग


▶ शब्दों के जिस रूप से किसी व्यक्ति या प्राणी के पुरुष या स्त्री के होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं ।

जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग व जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का बोध हो उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं ।


जैसे -



लड़का



लड़की




दादा



दादी



मोर



मोरनी

## I - नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदल कर लिखिए।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| पिता | माता |
| भाई | बहन |
| धोबी | धोबिन |
| बूढ़ा | बुढ़िया |
| चूहा | चुहिया |
| शेर | शेरनी |
| बेटा | बेटी |
| नना | नानी |
| बैल | गाय |
| बालक | बालिका |

## II - रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर लिखिए।

1. माली हार बना रहा है।

   मालिन हार बना रही है।

2. अध्यापक पढ़ा रहा है।

   अध्यापिका पढ़ा रही है।

3. मेरे चाचा दिल्ली गए।

   मेरी चाची दिल्ली गई ।

4. मोर नाच रहा है।

मोरनी नाच रही है।

5. राजा ने इनाम दिया।

रानी ने इनाम दिया।

Practice work

III - उचित लिंग पर (√ ) का निशान लगाइए ।


| | | |
|---|---|---|
| गाय | √ स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
| मामी | √ स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
| मोर | स्त्रीलिंग | √ पुल्लिंग |
| बेटा | स्त्रीलिंग | √ पुल्लिंग |
| राजा | स्त्रीलिंग | √ पुल्लिंग |

# वचन


शब्दों के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं ।

शब्दों के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो उसे एकवचन और अनेक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं ।

जैसे -



लड़का




लड़के




ताला



ताले



तितली



तितलियाँ

## I - नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदल कर लिखिए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| माला | मालाएँ |
| कक्षा | कक्षाएँ |
| पौधा | पौधे |
| बेटी | बेटियाँ |
| कौआ | कौए |
| पतंग | पतंगे |
| रोटी | रोटियाँ |
| झूला | झूले |
| लड़की | लड़कियाँ |
| पत्ता | पत्ते |

## II - रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर लिखिए।

1. चूहा दौड़ रहा है।

   चूहे दौड़ रहे हैं ।

2. राम तबला लाया।

   राम तबले लाया।

3. मेरे पास जूता है ।

   मेरे पास जूते हैं ।

4. चिड़िया उड़ गई ।

   चिड़ियाँ उड़ गई ।

5. मेरे चाचा खिलौना लाए।

   मेरे चाचा खिलौनें लाए ।

6. मेरे पास छतरी है ।

   मेरे पास छतरियाँ हैं ।

Practice work

## III - सही उत्तर पर ( √ ) लगाइए ।

| | | |
|---|---|---|
| गाजरें | [√] बहुवचन | [ ] एकवचन |
| छाते | [√] बहुवचन | [ ] एकवचन |
| रोटी | [ ] ब्हुवचन | [√] एकवचन |
| थालियाँ | [√] बहुवचन | [ ] एकवचन |
| किताब | [ ] बहुवचन | [√] एकवचन |

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI GRAMMAR FOR APRIL & MAY MONTH**

## REVISION OF SWAR AND VYANJAN

दिनांक : स्वर (अ से अः)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | |
| उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ |
| ओ | औ | अं | अः | |









Practice Work – स्वर








व्यंजन ( क से ज्ञ )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |
| क्ष | त्र | ज्ञ | | |

Practice Work - व्यंजन




## मात्रा परिचय

| वर्ण | मात्रा | चित्र शब्द | चित्र शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | - |  कमल |  जग |
| आ | ा |  आम |  बादल |
| इ | ि |  बारिश |  गिलास |
| ई | ी |  मछली |  लड़की |
| उ | ु |  कछुआ |  साबुन |
| ऊ | ू |  फूल |  सूरज |
| ऋ | ृ |  गृह |  वृक्ष |

| वर्ण | मात्रा | चित्र शब्द | चित्र शब्द |
|---|---|---|---|
| ए | े | <br>पेड़ | <br>सेब |
| ऐ | ै | <br>थैला | <br>पैसा |
| ओ | ो | <br>बोतल | <br>ढोलक |
| औ | ौ | <br>नौका | <br>पौधा |
| अं | ं | <br>अंगूर | <br>झंडा |
| अः | ः | <br>छः | <br>प्रातः |

**Practice Work**

- चित्र पहचानकर उनका नाम लिखिए -

| | |
|---|---|
| <br>---------- | <br>-------- |
| <br>---------------- | <br>-------------- |
| <br>------------ | <br>------------ |
| <br>------------- | <br>----------------- |


# हिन्दी व्याकरण
## संज्ञा (Noun)

किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या प्राणी आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।
नाम वाले शब्द को संज्ञा कहते हैं।


जैसे -

| | |
|---|---|
|  | रीना |
|  | हाथी |
|  | विद्यालय |
|  | पेंसिल |


I - नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उचित संज्ञा शब्द लिख कर वाक्यों को पूरा कीजिए ।

(क) 

पेड़ पर आम लगे हैं ।

(ख) 

मछली पानी में तैर रही है ।

(ग) 

सूरज निकल आया।

(घ) 

मेरे पास एक किताब है।

(ङ) 

मोर बहुत सुंदर पक्षी है ।

**II - नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए ।**

(क) मीरा बहुत सुंदर है।

(ख) आम मीठा है।

(ग) मेरे पास खिलौने हैं।

(घ) मोहन कल विद्यालय गया था ।

(ङ) हाथी की सूँड़ लंबी होती है ।

(च) रमन को सुंदर घड़ी मिली ।

Practice Work

**III - नीचे दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला कीजिए :-**

क ) रोहित पतंग उड़ा रहा है ।

ख ) रीना सो रही है।

ग ) उपवन में तितलियाँ उड़ रही है ।


घ ) मेरी माता जी बहुत सुंदर है ।

हिन्दी व्याकरण

## सर्वनाम

संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है ,उन्हें सर्वनाम कहते हैं ।

जैसे -


मैं


तुम


हम

I - नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए ।

1. वह कल दिल्ली गया ।
2. यह मेरा घर है ।
3. तुम अभी तक सो रहे हो ?
4. मैं कल गाँव गया ।
5. हम कल घूमने जाएँगें ।
6. माला ने सीमा को अपने भाई से मिलवाया ।
7. रीया ने उससे क्या कहा ?
8. रमन मेरे लिए सेब लाया ।

II - नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरिए ।

1. मैं आम खाती हूँ । ( मैं / उन्हें )
2. यह एक पेड़ है । ( मैं / यह )
3. कल हम नए घर रहने गए । ( हम / उन्हें )
4. वह बगीचा बहुत सुंदर है । ( वह / हम )
5. रीया ने मुझ से बात की । ( मुझ / वह )
6. तुम कहाँ जा रहे हो ? ( तुम / उन्हें )
7. आप क्या कर रहे हो ? ( उन्हें / आप )
8. मेरे मामा कल घर पर आए । ( मेरे / आप )

Practice work

III -सर्वनाम शब्द ढूंढकर लिखिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पेड़ | उन्हें | घास | उन्हें |
| तुम | कोयल | नहर | तुम |
| सेब | वह | कलम | वह |
| आम | यह | किताब | यह |
| मैं | रमन | गगन | मै |

गतिविधि

अंतर पहचानें ( संज्ञा व सर्वनाम ) फ्लैश कार्ड ( चित्र )की सहायता से गतिविधि करवाई जाएगी ।


दिए गए चित्रों को देखकर संज्ञा शब्द ढूंढकर बताइए व उस चित्र के लिए उचित सर्वनाम बताइए।



उल्लू ,डाली , पत्ता — यह ,वह



तोता , लाल , चोंच , डाली ,हरा — यह ,वह



किताब , चश्मा , लड़का ,बाल — मैं ,तुम ,वह




नाव ,लड़का ,पानी ,चप्पल — यह ,वह ,तुम



सूरज ,पेड़ ,फूल, आसमान, साइकिल, फल, बच्चे — तुम ,हम



विद्यालय ,झंडा ,दरवाजा , खिड़की ,बच्चे — यह , वह

II - अपने कमरे में संज्ञा ढूँढकर उनके नाम बताइए ।

पलंग ,मेज़ , कलम ,पंखा ,चादर ,बल्ब ,कमीज़ ,किताब ,तकिया